B.A. (Pass Course) 5th Semester

Examination, December-2022

HINDI (COMPULSORY)

Time allowed : 3 hours] *[Maximum marks : 80*

नोटः सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. किन्हीं दो पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए: 2×6=12

(क) उड़ चल, हारिल, लिये हाथ में यही अकेला ओछा तिनका
ऊषा जाग उठी प्राची में-कैसी बाट भरोसा किनका।
शक्ति रहे तेरे हाथों में- छूट न जाय यह चाह सृजन की,
शक्ति रहे तेरे हाथों में-रुक न जाय यह गति जीवन की।

(ख) कितनी दूरियों से कितनी बार
कितनी डगमग नावों में बैठ कर
मैं तुम्हारी ओर आया हूँ
ओ मेरी छोटी-सी ज्योति।
कभी कुहासे में तुम्हे न देखता भी
पर कुहासे की ही छोटी-सी रुपहली झलमल में
पहचानता हुआ तुम्हारा ही प्रभा-मंडल।

(ग) "साँप
तुम सभ्य तो हुए नहीं
नगर में बसना
भी तुम्हें नहीं आया।
एक बात पूछूँ (उत्तर दोगे?)
तब कैसे सीखा डँसना
विष कहाँ पाया?"

(घ) अमल धवल गिरि के शिखरों पर
बादल को घिरते देखा है
छोटे-छोटे मोती जैसे
उसके शीतल तुहिण कणों को,
मानसरोवर के उन स्वर्णिम
कमलों पर गिरते देखा है।

2. नरेश मेहता के साहित्य की विशेषताएँ लिखिए। 8

अथवा

धर्मवीर भारती का जीवन परिचय लिखिए।

3. किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर 150-150 शब्दों में दें : $4 \times 4 = 16$

(क) 'बोआई का गीत' का कथ्य स्पष्ट कीजिए।

(ख) मंत्र-गंध और भाषा कविता में कवि क्या कहना चाहता है?

(ग) 'आत्महंत्या के विरुद्ध' कविता की मूल चेतना क्या है?

(घ) 'नाच' कविता का सार अपने शब्दों में लिखिए।

(ङ) 'चक्रव्यूह' कविता में कवि ने क्या संदेश दिया है?

(च) कवि अख्यानी से वापसी क्यों करना चाहता है?

4. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दें : $2 \times 8 = 16$

(क) द्विवेदी युगीन कविता की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।

(ख) नई कविता के विकास पर प्रकाश डालिए।

(ग) समकालीन कविता की विशेषताएँ बताइए।

(घ) प्रगतिवाद का स्वरूप स्पष्ट करते हुए उसकी विशेषताएँ लिखिए।

5. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 150-150 शब्दों में लिखिए। $2 \times 5 = 10$

(क) भारतेंदु युगीन काव्य में राष्ट्रीय चेतना के भाव को स्पष्ट करें।

(ख) समकालीन कविता के दो प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।

(ग) छायावादी कविता की परिभाषा एवं स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

(घ) प्रयोगवादी काव्य की विशेषताएँ लिखिए।

6. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दें : $2 \times 5 = 10$

(क) संक्षेपक में किन-किन गुणों की आवश्यकता होती है?

(ख) पल्लवन प्रक्रिया के प्रमुख नियमों का वर्णन कीजिए।

(ग) पत्र लेखन के महत्व पर प्रकाश डालिए।

(घ) पल्लवन की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

7. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं : 8×1 = 8

(क) 'अज्ञेय' को उनकी किस रचना पर ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हुआ?

(ख) पत्र कितने प्रकार के होते हैं? उनके नाम लिखें।

(ग) संक्षेपण मूल से कितना छोटा करना अपेक्षित होता है?

(घ) 'साँप' कविता में किस पर व्यंग्य किया गया है?

(ङ) 'पल्लवन' को अंग्रेजी में क्या कहते हैं?

(च) महाभारत के युद्ध में चक्रव्यूह किसके द्वारा रचा गया था?

(छ) 'प्रेत का बयान' कविता में प्रेत कौन है?

(ज) द्विवेदी युग की समय सीमा बताइए।